Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding proposed waterway from Jamshedpur to Odisha via West Bengal.

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) : सभापति महोदय , मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर (झारखंड) के अंतर्गत एक प्रस्तावित जलमार्ग चांडिल - स्वर्णरिखा नदी से टाटानगर होते हुए हल्दिया (पश्चिम बंगाल) एवं ओड़िशा तक भी इस जलमार्ग को जोड़ा जा सकता है। ज्ञात हो कि मंत्रालय द्वारा मंजूर किये हुए देश भर के 100 जलमार्गों की सूची में मेरे संसदीय क्षेत्र का यह मार्ग भी शामिल किया गया है।

महोदय, यह मेरे संसदीय क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण जलमार्ग सिद्ध होगा, क्योंकि यह एशिया का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है, जिसमें टाटा, टेल्को, ट्यूब जैसे दर्जनों बड़े उद्योग हैं, वहीं मध्यम और लघु उद्योग भी हज़ारों में स्थापित हैं और इसी कारण यह मालवाहक का सबसे बड़ा क्षेत्र साबित हो सकता है। इसलिए इसका शीघ्र पूर्ण होना अति आवश्यक है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूँ कि इस जलमार्ग की वर्तमान स्थिति क्या है और साथ ही यह भी बताने की कृपा करें कि यह जलमार्ग यात्रियों के लिए कब तक चालू कर दिया जायेगा?